



# पुलिस की सतर्कता से डिजिटल अरेस्ट के जाल में फंसते-फंसते बचा बुजुर्ग

**नवभारत न्यूज**
**बैतूल/पाथाखेड़ा, 2 दिसंबर. डिजिटल अरेस्ट की आड़ में 73 लाख की ठगी की एक बड़ी साजिश को पाथाखेड़ा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर विफल कर दिया।**

**गलत लेनदेन के झूठे आरोप में कर रहे थे भयभीत**

**पुलिस ने पीड़ित को सुरक्षित बाहर निकाला**

इस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 64 वर्षीय रिटायर्ड डब्ल्यूसीएल कर्मचारी चैतराम नरवरे को साइबर ठगों ने फर्जी डिजिटल अरेस्ट के नाम पर तीन दिनों तक मानसिक रूप से बंधक बनाकर रखा और 73 लाख रुपए की ठगी का दबाव बनाया जा रहा था। ठग वीडियो कॉल पर स्वयं को ईडी-सीबीआई अधिकारी बताकर पीड़ित को धमका रहे थे। सूचना मिलते ही पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मनोज कुमार उइके, प्रधान आरक्षक ज्ञानसिंह तेकाम, आरक्षक रविमोहन, आरक्षक राकेश करपे तथा सैनिक सुभाष की टीम राजेश गेस्ट हाउस पहुँची। पुलिस ने पीड़ित को सुरक्षित बाहर निकाला। ठगों के दबाव में पीड़ित अपनी एफडी तुड़वाकर धनराशि देने के लिए बैंक तक फॉर्म लेकर पहुँच चुके थे। पुलिस ने समय रहते परिवार से संपर्क कराया और पीड़ित को मानसिक रूप से संभाला। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई प्रक्रिया भारतीय कानून में नहीं है और नागरिकों से ऐसी कॉल से सतर्क रहने एवं किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत 1930 या नजदीकी थाने में सूचना देने की अपील की।



**ईडी-सीबीआई अधिकारी बनकर करते थे वीडियो कॉल :** बताया जा रहा है कि पीड़ित को तथाकथित डिजिटल अरेस्ट में फंसाकर धमकाया जा रहा है। ठग वीडियो कॉल के माध्यम से स्वयं को ईडी व सीबीआई अधिकारी बताकर पीड़ित को गलत लेन-देन के झूठे आरोप में भयभीत कर रहे थे तथा मामले को दबाने के नाम पर बड़ी धनराशि की मांग कर रहे थे। यदि समय रहते यह त्वरित पुलिस कार्रवाई नहीं की जाती, तो साइबर ठग पीड़ित से उसकी जीवन भर की मेहनत की पूरी कमाई हड़प लेते। लेकिन पुलिस की तत्परता ने पीड़ित की जीवन भर की कमाई को बचाने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। बता दे कि पुलिस द्वारा साइबर ठगी से बचाव के लिए लगातार आम जनता को जागरूक किया जा रहा है। विशेष अभियान चलाए जाकर स्कूल कॉलेज एवं सार्वजनिक स्थलों में जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहे हैं। साथ ही समस्त थाना प्रभारी को ऑनलाइन ठगी साइबर अपराधों में कमी ले जाने के लिए पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन द्वारा प्रभावी कार्रवाई किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने आमजन से अपील की है कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई शब्द या प्रक्रिया भारतीय कानून में कहीं भी अस्तित्व में नहीं है। यदि कोई व्यक्ति स्वयं को अधिकारी बताकर ऑनलाइन माध्यम से आपको डराने या धमकाने का प्रयास करता है, तो समझ लें कि यह साइबर ठगी है।

### जानकारी लगते ही पुलिस ने लिया एक्शन

साइबर ठगी की जानकारी लगते ही तत्काल एक्शन लेते हुए चौकी प्रभारी पाथाखेड़ा उप निरीक्षक मनोज कुमार उइके, प्रधान आरक्षक ज्ञानसिंह तेकाम, आरक्षक रविमोहन, आरक्षक राकेश करपे तथा सैनिक सुभाष की टीम राजेश गेस्ट हाउस पहुँची। पीड़ित मानसिक रूप से सदमे की स्थिति में था और तीन दिनों से चल रहे घटनाक्रम पर विश्वास नहीं कर पा रहा था। पीड़ित को सुरक्षित चौकी लाकर पूरी घटना विस्तार से जानी गई तथा उनके परिवारजनों से संपर्क स्थापित किया गया। यदि समय रहते यह त्वरित पुलिस कार्रवाई नहीं की जाती, तो साइबर ठग पीड़ित से उसकी जीवन भर की मेहनत की पूरी कमाई हड़प लेते।

### पुलिस साइबर ठगी से बचने लगातार चला रही अभियान

पुलिस द्वारा साइबर ठगी से बचाव के लिए लगातार आम जनता को जागरूक किया जा रहा है। विशेष अभियान चलाए जाकर स्कूल कॉलेज एवं सार्वजनिक स्थलों में जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहे हैं। साथ ही समस्त थाना प्रभारी को ऑनलाइन ठगी साइबर अपराधों में कमी ले जाने के लिए पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन द्वारा प्रभावी कार्रवाई किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने आमजन से अपील की है कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई शब्द या प्रक्रिया भारतीय कानून में कहीं भी अस्तित्व में नहीं है। यदि कोई व्यक्ति स्वयं को अधिकारी बताकर ऑनलाइन माध्यम से आपको डराने या धमकाने का प्रयास करता है, तो समझ लें कि यह साइबर ठगी है। कृपया ऐसी किसी भी कॉल पर विश्वास न करें, अपनी निजी/बैंकिंग जानकारी साझा न करें और तुरंत 1930 (साइबर हेल्पलाइन) अथवा नजदीकी थाने को सूचना दें।

## एक नजर में

### सार्वजनिक स्थल पर जलाये अलाव

**पाथाखेड़ा।** शीतलहर के बढ़ते प्रकोप और तापमान में लगातार गिरावट को देखते हुए जिला कलेक्टर बैतूल के निर्देश पर नगरपालिका परिषद सारनी सक्रिय हो गई है। आमजन को ठिठुरन से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगरपालिका ने शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाना शुरू कर दिया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि बस स्टैंड, अस्पताल परिसर, आश्रय स्थलों सहित उन स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं जहाँ लोगों का आना-जाना और रुकना अधिक होता है। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए ठंड के इस मौसम में आवश्यकतानुसार सभी स्थानों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। सेनेटरी इंस्पेक्टर के.के. भावसार ने जानकारी देते हुए बताया कि सारनी, शोभापुर और पाथाखेड़ा क्षेत्र के 10 प्रमुख स्थानों पर प्रतिदिन अलाव जलाए जा रहे हैं, जिनका राहगीरों और स्थानीय नागरिकों द्वारा निरंतर उपयोग किया जा रहा है।

### जेल व्यवस्था सुधार को लेकर सौंपा ज्ञापन

**पाथाखेडा।** क्षेत्र में स्थित अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन ने कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी को ज्ञापन सौंपा। जिले की जेलों में लगातार हो रही संदिग्ध मौतों एवं अव्यवस्थाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। सारनी के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्णा साहू ने बताया कि 29 नवंबर को कैदी प्रकाश बाबूराव की हुई मृत्यु गंभीर चिंता का विषय है। इससे पहले भी इसी प्रकार दो और कैदियों की मौत हो चुकी है, जिससे जेल प्रबंधन पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। संगठन ने ज्ञापन में मांग की है कि कैदी की मौत की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और जेलों में सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, खान-पान एवं व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। संगठन ने यह भी सुझाव दिया कि उनकी टीम के कुछ सदस्यों के साथ एक पत्रकार को भी जेल निरीक्षण की अनुमति दी जाए, ताकि हर 15 दिन में हालातों का आकलन कर वास्तविक स्थिति जिला कलेक्ट्रेट तक पहुँच सके। उन्होंने कहा कि कैदियों के साथ दुर्व्यवहार एवं मानसिक दबाव की शिकायतें अक्सर सामने आती हैं, जिससे कई बार वे गंभीर कदम उठाने को मजबूर हो जाते हैं।

## स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का नगर में किया भव्य स्वागत

**मुलताई।** स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा सोमवार की शाम मुलताई पहुंची। इस दौरान नगर के गांधी चौक में यात्रा का नगर के विभिन्न संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व न्यायाधीश एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के प्रकाश उइके, के साथ नपा अध्यक्ष वर्षा गढेकर, राजीव जैन, प्रशांत भार्गव मंजीत सिंग सहनी, किशोर पाल,राजीव खंडेलवाल, अभिषेक खंडेलवाल, श्वेता ठाकरे, राजेश लोंदे ज्वेलर्स, नागपुर, देवेंद्र धोपडे, संदीप भार्गव, मुकेश जैन, कन्हैया सोनी, राहुल भार्गव ,गणेश साहू, जगदीश पवार, सुधा परमार, माधुरी साबले, राहुल साहू, भारत भूषण चौधरी, जया जैन, सोनम पहाड़े ने रथ यात्रा का स्वागत किया, मंच संचालन श्री अभिषेक खंडेलवाल ने किया। यात्रा में शामिल केट कद राष्ट्रीय अध्यक्ष बालकृष्णा भारतीया, राष्ट्रीय अध्यक्ष,प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सुधीर करदाते क्षेत्रीय संगठन मंत्री, प्रांतीय महामंत्री राजीव खंडेलवाल का पुष्पगुच्छ, शाल श्रीफल एवं सम्मान प्रतीकों के माध्यम से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बालकृष्णा भारतीया ने स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।



उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहयोग करे। यात्रा देशभर में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण तथा देशी उद्योगों के संरक्षण का संदेश लेकर निकली है। उन्होंने स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों से आह्वान किया कि वे स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देकर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोग करें। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा स्वदेशी अपनाने के संकल्प के साथ रथ यात्रा को अगले गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

## सप्त ऋषि टापू से हटाया जाए अतिक्रमण

**मुलताई।** माँ ताप्ती उद्गम स्थल के मध्य टापू पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर ताप्ती भक्तों ने मंगलवार कि तीसरी बार एसडीएम राजीव कहार, तहसीलदार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदन सौपा।लेकिन अधिकारी 15 दिन से अतिक्रमण नही हटा पा रहे है। ताप्ती भक्त दिनेश कालभोर ने बताया कि 2 सालों से लगातार माँ ताप्ती के मंदिर,तट एवं नदी जिसमे कई राजस्व त्रुटियां थी, जिसे सुधार किया गया। वर्तमान में ताप्ती जी के सीमांकन के बाद प्रकरण तहसीलदार न्यायालय में विचाराधीन है, ऐसे में मूल कुंड पर अतिक्रमण होना और



अधिकारियों का चुप्पी साध लेना,अतिक्रमण को बढावा देना है क्या नगरपालिका भी इस प्रकार के अतिक्रमण को सही मान रही है। वहीं मां ताप्ती तट रक्षक समिति द्वारा सौपे गए दूसरे ज्ञापन में बताया मां ताप्ती सरोवर के बीच स्थित सप्त ऋषि टापू ऋषि मुनियो की तपो भूमि रही है, जहाँ पर रात्रि में अभी भी शंख,घंटी,मंजीरो की आवाज आती है, इस स्थल पर भी कुछ लोग द्वारा अतिक्रमण किया गया है,यहां से अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो आने वाले समय में और भी संगठन यहां मूर्ति स्थापित करेंगे।

## जब तक बूढ़े माता-पिता की घर में सेवा नहीं होगी, सुख शांति नहीं आयेगी

**मुलताई।** ग्राम कामथ हो रहे 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों साधक भाई बहनों ने राष्ट्र जागरण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए गायत्री महामंत्र एवं महा मृत्युंजय मंत्र से आहुतियां समर्पित की।जिसके बाद दोपहर 1 बजे से परम पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी द्वारा इस युग के लिए रचित प्रज्ञा पुराण कथा का वाचन टोली नायक पंडित धनराज धोटे के द्वारा किया गया। उन्होंने प्रज्ञा पुराण कथा सुनाते हुए कहा हमें अपने घर में सुख शांति समृद्धि चाहिए तो सबसे पहले हमे अपने बूढ़े माता पिता की सेवा करना पड़ेगा यदि हमारे बूढ़े माता माता पिता के आंख में आंसू होंगे तो हमारे घर में कभी भी सुख शांति समृद्धि नहीं आ सकती। कथा सुनने से हमारे जीवन में आनंद की अनुभूति होती है,इसलिए हमें कथा अवश्य सुनना चाहिए,कथा सुनने के बाद उस कथा के रस तत्व को अपने जीवन में उतारने से जीवन में आमूलचूल परिवर्तन आता है ल। अत: पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने विचार क्रांति अभियान प्रारंभ किया और इस अभियान के तहत जन जन के विचारों को बदलने हेतु इस युग के लिए प्रज्ञा पुराण की रचना की जिससे इस पुराण को सुनकर लोगों के विचार बदले दूरबुद्धि का नाश हो और सदबुद्धि की स्थापना हो।

## बस स्टैंड के सामने से हटाया जाए अतिक्रमण

**मुलताई। नगर के बस स्टैंड पर स्थित मां दुर्गा मंदिर के सामने कुछ लोगो द्वारा हाथ ठेले लगाकर अतिक्रमण कर रखा है। जिससे मंदिर में आने जाने वाले लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता है,खासतौर पर मंदिर आने महिलाओ को ज्यादा परेशानी होती है।**

मंदिर के सामने से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को मां ताप्ती तट रक्षक समिति के घनश्याम सोनी ने जनसुनवाई में एसडीएम राजीव कहार को ज्ञापन सौपा है। सौपे गए ज्ञापन में बताया बस स्टैंड स्थित मां दुर्गा मंदिर के सामने 8 नए व्यक्तिओ द्वारा अस्थाई



दुकाने लगा ली है, जिससे मंदिर में आने वाले भक्तो को परेशानी होती है।मंदिर के सामने पुरुष वर्ग का जमावाडा होने से महिलाओ में आने जाने में परेशानी होती है। कई लोग दुकान पर आने वाले मंदिर के सामने गुटका खाकर थूकते है।वहीं स्वतंत्रता सेनानी स्मृति स्थल के चबूतरे पर छात्राए एवं महिलाए बस का इंतजार करती है, उन्हें अश्लील कमेंट करते है। जिस कारण कई बार विवाद भी हो चुके है। वहीं भीड होने से मंदिर में चोरी होने का अंदेशा बना रहता है। ज्ञापन में अतिक्रमण हटाकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

## जलावर्धन योजना के नाम पर जनता से ठगी : विक्की सिंह

**सारनी।** जल आवर्धन योजना के नाम पर भाजपा शासित नगर पालिका जनता को ठगने का काम कर रही है। पालिका मुलभुत सुविधा देने मे नाकाम साबित हो रही है। उपरोक्त उदगार ब्लाक कांग्रेस के कार्य वाहक अध्यक्ष विक्की सिंह ने क्रमिक भूख हडताल के धरना स्थल पर आयोजित सभा मे व्यक्त किए है। उन्होंने कहा कि पर शासित नगर पालिका मैं भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जिम एवं बच्चो के मनोरंजन सामग्री में भी गोलमाल कर रही है। जिम एवं बच्चों के मनोरंजन की सामग्री की क्वालिटी और क्वांटिटी दोनों ही सवालों के घेरे में हैं, उन्होंने कहा कि भाजपा का विधायक नगर पालिका के कारनामों को जानबूझकर नजर अंदाज कर रहा है। इतना ही नहीं जनता को जल आवर्धन योजना के तहत खुलेआम ठगा जा रहा है। विधायक भाजपा पार्षदों की बैठक लेकर समझाइए देने की बजाय भाजपा के कारनामों पर पर्दा डालने कोशिश कर रहे हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जल आवर्धन योजना के नाम पर ?4000 की राशि वसूलने के खिलाफ नपा के सामने भूख हड़ताल कर रही है। हड़ताल को असफल करने के लिए कांग्रेस नेताओं को पुलिस के द्वारा धमकाया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष नागले को पुराने प्रकरण में धरना स्थल से उठाकर सीधे जेल भेज दिया गया है।

## 12 .67 लाख से होगा सीसी रोड रिन्यूवल

**पाथाखेड़ा।** सारनी नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 1 में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। सोमवार को शारदा मंदिर से सेंट्रल बैंक तक बनने वाले सीसी रोड रिन्यूवल कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस कार्य के लिए नगर पालिका द्वारा 12.67 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पावर, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, पार्षद छाया अतुलकर, मीना ददन सिंह, भीम बहादुर थापा, प्रवीण सोनी, गोलू



राजपूत, विनय मदने, राहुल कापसे सहित अनेक जनप्रतिनिधि तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने नारियल फोड़कर एवं पूजा-अर्चना कर कार्य के शुभारंभ की विधि पूर्ण की। अध्यक्ष किशोर बर्दे ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। सीसी रोड का रिन्यूवल पूरा होने से आवागमन सुगम होगा और लोगों को बारिश के मौसम में होने वाली दिक्कतों से राहत मिलेगी। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे वार्ड के लिए बड़ी सौगात बताया।

## धरना स्थल से नपा के नेता प्रतिपक्ष गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**सारनी।** नगर पालिका सारनी के नेता प्रतिपक्ष को पुलिस ने धरना स्थल से गिरफ्तार किया है। नेता प्रतिपक्ष को न्यायलय ने जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि कांग्रेस ने जल आवर्धन की राशि चार हजार वापसी की मांग को लेकर तीन दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की है। कांग्रेस पार्टी ने नपा कार्यालय के सामने क्रमिक भूख हडताल करते हुए भाजपा शासित नगरपालिका के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को वार्ड क्रमांक चार के पार्षद किरण झारबडे, युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गौतम नागले, वार्ड 33 की पार्षद कार्यवाहक ब्लाक अध्यक्ष





विक्की सिंह, सनोज देशमुख धरने पर बैठे है। कांग्रेस के आंदोलन को कमजोर करने के नेता प्रतिपक्ष पिंटिश नागले को पुलिस ने पुराने मामले में जारी वारंट में धरना स्थल से गिरफ्तार कर लिया। नेता प्रतिपक्ष पिंटिश नागले के गिरफ्तार होने के बाद भी कांग्रेस नेता धरना स्थल पर डटे रहे है। कांग्रेस नेता विक्की सिंह ने कहा की भाजपा शासित नगर पालिका जल आवर्धन योजना की आड़ में जनता से नल कनेक्शन के चार हजार रूपये की वसूली कर रहे है, उन्होंने कहा कि मीटर लगे ही नहीं फिर भी मीटर के 1700 रूपये वसूल रही है। इसके अलावा 150 रूपये प्रतिमाह जलकर की राशी ले रही है। नपा प्रशासन के आदियल रवेये से जनता मे आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस नेता महेंद्र भारती ने कहा कि नल कनेक्शन लगाते समय किसी प्रकार के शुल्क कि बात नहीं की है। अचानक नल कनेक्शन की राशि चार हजार वसूलने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि जल आवर्धन की राशी चार हजार वापसी तक कांग्रेस पार्टी का आंदोलन जारी रहेगा। कांग्रेस नेताओं ने नपा प्रशासन के अडियल रवैये का विरोध करते हुए नपा अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

**जनसुनवाई** ▶ **कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं**

## ट्रेंचिंग ग्राउंड में आगजनी पर लगाएं रोक, कलेक्टर ने सीएमओ को दिए निर्देश

**बैतूल। बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रात: 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं गंभीरता पूर्वक सुनीं।**

इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई के दौरान विवेकानंद वार्ड चिचोली के रहवासियों ने शिकायत की कि उनके वार्ड की सीमा ट्रेंचिंग ग्राउंड से लगती है, जहां पूरे नगर का कचरा संग्रहित किया जाता है। उन्होंने बताया कि रात्रि के समय वहां आग लगा दी जाती है, जिसके कारण प्रदूषित धुआं फैलने से बच्चों और बुजुर्गों को स्वास्थ्य





संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत पर गंभीरता दिखाते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सीएमओ चिचोली को सख्त निर्देश दिए कि ट्रेंचिंग ग्राउंड में आग लगाने की घटनाओं पर तुरंत रोक लगाई जाए। साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य में यदि ऐसी घटना दोहराई गई तो संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में 98 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

**पटवारी पर निलंबन की कार्यवाही के दिए निर्देश :** जनसुनवाई में आवेदक मीना रघुवंशी ने आवेदन के माध्यम से कलेक्टर को बताया कि तहसील भीमपुर के ग्राम डोरी में उनकी लगभग 6 एकड़ भूमि पर अनावेदकों द्वारा अवैध रुप कब्जा कर लिया गया हैं और बार-बार आवेदन देने के बाद भी सीमांकन नहीं किया जा रहा हैं। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने तहसीलदार भीमपुर को आवेदक की भूमि का तत्काल सीमांकन कराने और जांच कर पटवारी के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुलताई तहसील के ग्राम जामगांव निवासी देवघर ने आवेदन के माध्यम से सिंचाई का चैंबर हटाकर मुआवजा देने की गुहार लगाई।

### तहसीलदार को मौके पर समस्या के समाधान के दिए निर्देश

जनसुनवाई में प्रभात पट्टन तहसील के ग्राम बिरुल बाजार निवासी विट्ठल भूषण ने बताया कि उनकी भूमि पर नक्शा सुधार और सीमांकन नहीं किया जा रहा है। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने तहसीलदार प्रभात पट्टन को मौके पर जाकर आवेदक की समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए। बैतूल मुख्यालय के बडोरा निवासी ओझा पतन ने आवेदन के माध्यम से राजस्व रिकॉर्ड में नाम दुरुस्त नहीं किए जाने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर ने आमला एसडीएम को तत्काल प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल निवासी बुजुर्ग पंचफुला सोलंकी ने पैसे दिलवाने के लिए आवेदन किया।

## क्रिकेट स्पर्धा में रेड डायमंड टीम बनी विजेता

**सारनी।** हाई स्कूल क्रिकेट ग्राउंड मे तीन दिवसीय प्रीमियम क्रिकेट स्पर्धा मे रेड डायमंड टीम विजेता बनी है। रेड डायमंड खिलाडी बालाजी ने धुराधार बल्लेबाजी करते हुए 22 बाल पर 89 रन बनाकर टीम को विजेता का खिताब दिलाया है। हाई स्कूल मे तीन दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच में रेड डायमंड की टीम ने धमाडे लॉयंस को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ टीम सतपुड़ा टाइगर एवं रेड डायमंड टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी रेड डायमंड ने करने का निर्णय लिया। रेड डायमंड के खिलाड़ी बालाजी ने मैदान पर आते ही रोमांच पैदा कर दिया, सतपुड़ा टाइगर के हर गेंदबाज ने मानो बालाजी काली की



अवतार ले टूटे पड़े और 22 गेंदों में 11 छक्कों की साथ ताबड़तोड़ 89 रन बनाकर मैदान मे रनों कि बौछार कर दी। जिसकी बदौलत रेड डायमंड निर्धारित 10 ओवर में 180 रन का बड़ा लक्ष्य रखा। सतपुड़ा टाइगर कि टीम प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रवि कौशिक को छोड़ ताश के पत्तों कि भांति महज 98 रन पर ढह गई और रेड डायमंड ने 82 रनों के बड़े अन्तर से विजय हासिल कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। बालाजी कि बेहतरीन बल्लेबाजी पर थाबीराम डोंगरे द्वारा उन्हें 500 रुपए नकद राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले मेअतिथि के रूप में श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय अध्यक्ष अब्दुल रहमान खान, जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह, ने विजेता टीम को 11 हजार नकद व ट्रॉफी, उप विजेता टीम को 5000 रुपया नकद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।